# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**मासिक आख्या सितम्बर, 2021**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2021** **दिनांक – 01 अक्टूबर, 2021**

**दिनांक 31.08.2021 रात्रि को दूरभाष पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम फितारी/लिवाडी गांव के जंगल में** तीन दिन से लापता एक चरवाहे की मृत्यु हुयी है। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त के शव की खोज–बीन एवं परिजनों को सुपुर्द करने हेतु वन विभाग/ एस0डी0आर0एफ0/राजस्व टीम से समन्वय स्थापित कर टीम की तैनाती की गयी। टीम द्वारा दिनांक 01.09.2021 को उक्त शव को प्राप्त कर सम्बन्धितों को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुर्पुद किया गया।

**आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय में दिनांक–01.09.2021 को भूकम्प पूर्व अभ्यास तैयारी हेतु** बैठक आयोजित की गयी जिसमें अपर जिलाधिकारी, आपदा प्रबन्धन अधिकारी, एन.डी.आर.एफ., एस.डी.आर.एफ., फायर सर्विस, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, सहायक कन्सलटेंट, आपदा न्यूनिकरण, रैडक्रॉस, मास्टर ट्रैनर, क्यू.आर.टी., टीम आदि विभागों स्यवंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा Table top Exercisc and Orientation Meeting कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।




**दिनांक 02.09.2021 को रा0इ0का0, उत्तरकाशी में भूकम्प पूर्व अभ्यास का आयोजन किया गया।** सूचना प्राप्त हुयी कि राजकीय कीर्ति इण्टर कालेज का एक भवन क्षतिग्रस्त हुआ है तथा कक्ष में कुछ विद्यार्थी व शिक्षकों के फंसे हुये हैं। मेन गेट का पिलर क्षतिग्रस्त होने से रोड बंद होने की सूचना प्राप्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र सक्रीय रहते हुये समस्त सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित कर मॉक अभ्यास का सफल संचालन किया गया। भूकम्प मॉक अभ्यास हेतु प्दबपकमदज ।तमं चयनित कर संसाधन तैनात किये गये।


मुख्य भवन
FIRE
2021.09.02 11:14


कार्यालय


SDRF
SDRF


वाणिज्य भवन
BASIC LIFE SUPPORT
AMBULANCE


NDRF
INDIA
INDIA



**भूकम्प मॉक अभ्यास के समाप्ति के पश्चात अपर जिलाधिकारी द्वारा मॉक अभ्यास में सभी कार्यरत** अधिकारियों, एन0डी0आर0एफ0, पुलिस, आदि से मॉक अभ्यास के अनुभव / कर्मियों तथ सुझाव आदि पर चर्चा की गयी तथा अधिकारियों से SELF ASSESSMENT FORMAT पर सूचना ली गयी।



मॉक ड्रिल

अभ्यास कर आपदा प्रबंधन ने परखी अपनी व्यस्था

# भूकंप के झटकों से थराई धरती!

उत्तरकाशी (सच कहूँ न्यूज)। जनपद में वीरवार को पूर्वाह्न 11 बजकर 13 मिनट पर भूकम्प के तेज झटके महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर भूकम्प की तीव्रता 5.7 आंकी गई। भूकम्प का केंद्र कुटेटी के जंगलों में था। घबराइए नही यह एक आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से मॉक अभ्यास का हिस्सा है।





भूकम्प से कोई जन एवं पशुहानि नही हुई है। भूकम्प के कारण घटना स्थल कीर्ति इंटर कॉलेज में 14 बच्चे सामान्य रूप से घायल हुए जबकि 6 बच्चे गम्भीर रूप से घायल हुए है। सामान्य घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जबकि गम्भीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय लाया गया। मॉक अभ्यास में राहत एवं बचाव टीम द्वारा गहनता से अभ्यास किया। जिसमें फेस रेस्क्यू, रिवर क्रॉसिंग, स्ट्रेचर पैकिंग, मेनकल स्टेचर, डॉग रेस्क्यू, स्टील कटिंग, उड़न कटिंग, आयरन कटिंग आदि का अभ्यास किया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा जनपद उत्तरकाशी आपदा के दृष्टिगत जोन 4 व 5 के अंतंगत आता है।

आकस्मिक आपदाओं से निपटने के लिए जीवन रेखा से जुड़े विभागों का आपसी समन्वय व तैयारियों को लेकर मॉक अभ्यास किया गया। मॉक अभ्यास में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अग्नि शमन, क्यूआरटी/ मास्टर ट्रेनर, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, पीआरडी, डॉग स्कर्ट, रेडक्रॉस, एनसीसी, आदि विभागों के कार्मिकों द्वारा हिस्सा लिया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी तीर्थपाल सिंह, सीओ हीरालाल बिजल्वाण, आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेन्द्र पटवाल, डॉ प्रेम सिंह पोखरियाल, जय पंवार, शार्दूल गुसाईं सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित।

**<u>जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जनपद के तहसीलों एवं पुलिस थानों को उपलब्ध कराये गये</u>** **ख**ोज–बचाव उपकरणों के कार्यशील/रखा–रखाव एवं उपकरणों के संचालन, खोज–बवाव प्रशिक्षण, आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी जानकारी/कोविड–19 नियंत्रण सम्बन्धी जानकारी सहित प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास का एस0डी0आर0एफ0/क्यू0आर0टी0 एवं खोज–बचाव प्रशिक्षक के सहयोग से निम्नप्रकार से आयोजित किया गया।

| **क्र.स.** | **दिनांक** | **तहसील/थाना का नाम** | **प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास के आयोजन का स्थान** |
|---|---|---|---|
| 1 | 03.09.2021 | थाना हर्षिल | थाना हर्षिल परिसर |
| 2 | 04.09.2021 | तहसील भटवाडी | तहसील परिसर, भटवाडी |
| 3 | 06.09.2021 | थाना मनेरी | थाना मनेरी परिसर |
| 4 | 07.09.2021 | तहसील डुण्डा/चिन्यालीसौड | तहसील डुण्डा परिसर |
| 5 | 08.09.2021 | थाना धरासू | थाना धरासू परिसर |
| 6 | 09.09.2021 | तहसील बडकोट | तहसील परिसर, बडकोट। |
| 7 | 10.09.2021 | तहसील पुरोला | तहसील परिसर पुरोला |
| 8 | 11.09.2021 | थाना पुरोला | थाना परिसर पुराला |
| 9 | 12.09.2021 | थाना मोरी/तहसील मोरी | तहसील परिसर मोरी। |
| 10 | 13.09.2021 | थाना बडकोट। | थाना परिसर, बडकोट। |















दिनांक 04.09.2021 को देपहर 1:17 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग रातूडी सेरा के पास भूस्खलन होने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को दोपहर 1:43 बजे सुचारु किया गया।



दिनांक 08.09.2021 को प्रातः 9:15 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग खरादी के पास मलवा आने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 10:04 बजे सुचारु किया गया।



**दिनांक 06.09.2021 के द्वारा ट्रैकिंग एजेन्सी Great Adventure Gangotri. ग्राम झाला, भटवाडी उत्तरकाशी** द्वारा सूचना दी गयी कि सतोपन्त पर्वत (7075 मीटर) पर आरोहण पर गये 12 सदस्यों का दल में से 02 सदस्यों का स्वास्थ्य समिट कैम्प 5900 मीटर की ऊचाई पर खराब होने के कारण फंसे गये थे। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सम्बन्धित एजेन्सी एवं अन्य सदस्यों से समन्वय स्थापित किया गया तथा शीघ्र सेना/वायुसेना के ALH हैलीकॉप्टर से विंचिग द्वारा रेस्क्यू किये जाने हेतु शासन से समन्वय किया गया। उक्त सदस्यों को दिनांक 07.09.2021 को टीम के अन्य सदस्यों के सहयोग से सुरक्षित बैस कैम्प पहुँचाया गया है।

**दिनांक 09.09.2021 को प्रातः 11:26 यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग खरादी के पास मलवा आने के** कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 11:28 बजे सुचारु करवाया गया।




**दिनांक 10.09.2021 को प्रातः 8:35 बजे ऋषिकेश गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग चिन्यालीसौड नगुण के** पास भूस्खलन होने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 10:47 बजे सुचारु किया गया।



**दिनांक 11.09.2021 को समय प्रातः 5:58 बजे जनपद उत्तरकाशी के जिला मुख्यालय एंव उप** तहसील धौन्तरी क्षेत्रान्तर्गत भूकम्प के झटका महसूस किया गया। अन्य तहसील क्षेत्रान्तर्गत भूकम्प के झटके महसूस नहीं किये गये। जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। जनपद के किसी थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से_ किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी।

**भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–**







**दिनांक 13.09.2021 को समय प्रातः 7:48 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुक्खी टॉप के पास** भूस्खलन होने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 8:55 बजे सुचारु किया गया।

**दिनांक 13.09.2021 सांय 8:13 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सिल्क्यार के पास मलवा आने के** कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 11:28 बजे सुचारु करवाया गया।






<u>दिनांक 14.09.2021 को प्रातः 7:41 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुक्खी टॉप के पास भूस्खलन होने</u> के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 9:20 बजे सुचारु किया गया।




<u>दिनांक 14.09.2021 को प्रातः 8:25 यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पालीगाड के पास मलवा आने के</u> कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 8:46 बजे सुचारु करवाया गया।




<u>दिनांक 15.09.2021 को समय 7:24 यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पनोथ के पास मलवा आने के</u> **<u>कारण</u>** मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय किया गया मार्ग को सुचारु करने हेतु 02 जे0सी0बी0 मशीन, 01 पोकलेण्ड मशीन द्वारा मार्ग को दिनांक 16.09.2021 प्रातः 11:00 बजे सुचारु करवाया गया।






**दिनांक 17.09.2021 को सांय लगभग 7:30 बजे तहसील चिन्यालीसौड अंतर्गत चिन्यालीसौड–सियासू** मोटर मार्ग पर सियासू पुल के समीप मारुति–800 कार न0 uk-09A-0446 अचानक अनियंत्रित होकर झील में गिर गयी । जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एस0डी0आर0एफ0, एन0डी0आर0एफ0, पुलिस एंव राजस्व विभाग के अधिकारियो/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव संबन्धितों से समन्वय स्थापित रेस्क्यू कार्य किया गया। उक्त वाहन मे 03 लोग सवार थे तथा वाहन झील में डूबा होने के कारण वाहन के रेस्क्यू हेतु दिनांक 18.09.2021 को टिहरी से जल पुलिस/THDC बोट एवं एस0डी0आर0एफ0 गोताखोर की तैनाती की गयी। उक्त रेस्क्यू टीम द्वारा दिनांक 18.09.2021 को 02 शव बरामद कर लगातार खोजबीन की गयी तीसरे व्यक्ति का शव दिनांक 22.09.2021 बरामद हुआ।







*दिनांक 21.09.2021 को प्रातः 01:05 बजे गंगोत्री* **राष्ट्रीय राजमार्ग मातली के पास भूस्खलन होने के** कारण मार्ग अवरुद्ध होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 4:10 बजे सुचारु किया गया।




**दिनांक 21.09.2021 को प्रातः 6:23 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डाबरकोट के पास मलवा आने के** कारण मार्ग अवरुद्ध होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 9:22बजे सुचारु करवाया गया।





**दिनांक 21.09.2021 को प्रातः 6:42 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैण्ड के पास मलवा आने** के कारण मार्ग अवरुद्ध होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 8:01  बजे सुचारु करवाया गया।

**दिनांक 21.09.2021 को प्रातः 07:01 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पालीगाड के पास मलवा आने** के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 8:18 बजे सुचारु करवाया गया।



**दिनांक 22.09.2021 को यमुनोत्री पैदल मार्ग के 03 किलो मीटर पर भारी बौल्डर आने के कारण** जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत उसे लो0नि0वि0 बडकोट से समन्वय करते हुये बोल्डरों को शीघ्र हटवाया गया।





**दिनांक 22.09.2021 को समय करीब 5:40 एक अल्टो कार देवीसौर भैरव मंदिर के पास अनियंत्रित** होकर खाई में गिर गई है इस सूचना पर तत्काल सम्बन्धितों से समन्वय कर पुलिस व स्थानीय लोगों ने तत्काल रेस्क्यू कर आल्टो कार में सवार सभी 4 व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकाल गया। जो सामान्य घायल हुये थे।



**<u>दिनांक 23.09.2021 को प्रातः 6:00 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैण्ड के पास मलवा आने</u>** के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 8:40 बजे सुचारु करवाया गया।






**दिनांक 23.09.2021 को प्रातः 9:00 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कल्याणी के पास मलवा आने के** कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 9:30 बजे सुचारु करवाया गया।

**<u>दिनांक 23.09.2021 को चारधाम यात्रा के सफल संचालन एंव कोविड–19 के संक्रमण के रोकथाम</u>** के दृष्टिगत कोविड अनुकूल व्यवहार का अनुपालन कराये जाने तथा यात्रा के संचालन में कोविड 19 मानक परिचालन विधि का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु कोविड–19 सम्बन्धी सूचनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार, जन जागरूकता व टीकाकरण आदि के लिये जनपद में कार्यशील गैर–सरकारी संगठन, विभिन्न नागरिक संगठनों, भूतपूर्व सैनिकों, एन0सी0सी0 / एन0एस0एस0 के स्वयंसेवकों, नेहरू युवा केन्द्र, व्यापार मण्डल सहित अन्य सामाजिक संगठनों के साथ बैठक आहूत की गयी।




**दिनांक 23.09.2021 को समय सांय 5:12 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू थाने के पास भूस्खलन** होने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सांय 6:03 बजे सुचारु किया गया।






**दिनांक 23.09.2021 को रात्रि समय लगभग 9:30 बजे तहसील भटवाडी क्षेत्रान्तर्गत गंगोत्री राष्ट्रीय** राजमार्ग पर भटवाडी से हर्षिल की और जा रही स्विफट वाहन डबरानी और गंगनानी के मध्य अनियंत्रित होकर रोड से लगभग 100 मीटर खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पुलिस, एम्बुलेंस, एस.डी.आर.एफ एंव राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव संबन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। वाहन में चालक सहित 04 लोग सवार थे जिसमें 01 की घटना स्थल पर मृत्यु हुयी तथा 01 गम्भीर व 02 सामान्य घायल थे घायलो को सी0एच0सी0 भटवाडी में प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला चिकित्सालय में लाया गया ।

**दिनांक 23.09.2021 को समय रात्रि 10:30 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्कुगाड के पास** भूस्खलन होने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को रात्रि 11:30 बजे सुचारु किया गया।





**<u>दिनांक 24.09.2021 को समय प्रातः 8:35 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कल्याणी के पास भूस्खलन</u>** होने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को प्रातः 9:05 बजे सुचारु किया गया।







**<u>दिनांक 25.09.2021 को मातली के पास भागीरथी नदी में 05 लोग गंगा नदी में रेत बजरी का कार्य</u>** कर रहे थे । मनेरी डेम से पानी छोडे जाने से नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण वह 05 व्यक्ति नदी के बीच फंस गए जनपद आपातकाली परिचालन केन्द्र द्वारा क्यू0आर0टी0 टीम, एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0, आई0टी0बी0पी0 मातली को सूचित कर तैनात किया गया। इसके अतिरिक्त यू0जे0वी0एन0एल0 तिलोथ से नदी का पानी कम करवाते हुये उक्त लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।









**दिनांक 25.9.2021 को समय लगभग 4:40 बजे तहसील पुरोला क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन कन्ताडी** मोटर मार्ग पर एक जे0सी0बी0 कार्य करते समय ग्राम नैलाडी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुयी थी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द द्वारा पुलिस, एम्बुलेंस, एस.डी.आर.एफ एंव राजस्व विभाग के अधिकारीयो/कर्मचारीयो को घटना की जानकारी दी गयी एंव संबन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। उक्त वाहन में 03 लोग सवार थे जिसमें से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी तथा दो व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया था डॉ द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात हायर सेन्टर देहरादून के लिए रेफर किया गया था।





**दिनांक 27.09.2021 को समय प्रातः 10:33 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्वरीगाड के पास** भूस्खलन होने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को समय दोपहर 12:30 बजे सुचारु किया गया।



**दिनांक 27.09.2021 को समय दोपहर 3:05 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्वरीगाड के पास** भूस्खलन होने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को समय दोपहर 3:57 बजे सुचारु किया गया।



**<u>दिनांक 27.09.2021 को आराकोट चिवां मोटर मार्ग के बरनाली के पास बोल्डर आने से मोटर मार्ग</u>** बंद है। उक्त के सम्बन्ध में सम्बन्धित पी0एम0जी0एस0वाई0 को निर्देशित कर मार्ग को शीघ्र सुचारू किये जाने के निर्देश दिये गये।

**दिनांक 27.09.2021 को समय रात्रि 8:28 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्वरीगाड के पास भूस्खलन** होने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को समय रात्रि 8:43 बजे सुचारु किया गया।

**<u>दिनांक 28.09.2021 को समय लगभग दोपहर 2:30 बजे तहसील डुण्डा अन्तर्गत ग्राम उदाल्का मध्ये</u>** **ध**नपती नदी में कु0 सुचिता पुत्री स्व0 श्री महाजन सिंह उम्र 05 वर्ष पानी पीने के लिए गयी थी जिसका अचानक पैर फिसलने के कारण गदेरे में बह गयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राजस्व विभाग, एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0 एंव क्यू0आर0टी टीम को सूति कर तैनात कर खोज–बीन की गयी। दिनांक 29.09.2021 को प्रातः पुनः उक्त टीम द्वारा संयुक्त रूप से खोज–बीन कार्य कर उक्त लापता बच्ची के शव को प्रातः 10:00 बजे बरामद किया गया।





# धनपति गाड़ में पानी भरने गई बच्ची बही

उत्तरकाशी। विकासखंड डुंडा के उदालका गांव में पांच वर्षीय बच्ची पानी भरते समय धनपति गाड़ में बह गई। घटना की सूचना पर एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान शुरू कर दिया है, लेकिन बच्ची का कुछ पता नहीं चल पाया है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि पांच वर्षीय रुचिता पुत्री अनिता देवी अपने परिजनों के साथ खेतों में आई थी। इस दौरान वह पानी भरने धनपति गाड़ चली गई।

पानी भरते समय पैर फिसलने से वह गाड़ के तेज बहाव में बह गई। सूचना पर एसडीआरएफ व पुलिस की टीम ने सर्च अभियान चलाया। ग्रामीणों ने बताया कि रुचिता बीते दो साल से अपने नाना-नानी के घर उदालका गांव में रह रही थीं। संवाद









**<u>चारधाम यात्रा/कोविड–19 के संक्रमण के रोकथाम की कार्यवाही आदि की निगरानी यात्रा कन्ट्रोल रूम/जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा की जा रही है–</u>** जनपद अन्तर्गत कोविड संक्रमण की रोकथाम के दृष्टिगत की जा रही कार्यवाही तथा यात्रा को दृष्टिगत रखते हुये शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन के तहत कोविड अनुकूल व्यवहार सुनिश्चित किये जाने एवं उक्त की मॉनिटिरिंग किये जाने हेतु जनपद स्तर पर 24X7 की तर्ज पर कोविड कन्ट्रोल रूम तथा जनपद आपातकालीन परिचालन केद्र कार्यशील है। इसके अतिरिक्त यात्रा धामों में मानक प्रचालन विधि एवं कोविड–19 गाईडलाइन का अनुपालन किये जाने हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसके साथ ही जनपद स्तरीय अन्य अधिकारियों की तैनाती रोस्टरवार धामों में की गयी है। जनपद मुख्यालय पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा धामों स्थापित सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से नियमित रूप से उक्त कार्यो की मॉनिटरिंग की जा रही है। धाम में आने वाले यात्रियों की संख्या की प्रत्येक 02 घंटें में प्राप्त कर निगरानी की जा रही है।




दो गज दूरी
मास्क है जरूरी


SBI


दो गज दूरी
मास्क है जरूरी
Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31s




कोविड केयर सेन्टर
Covid Care Center
यमुनोत्री धाम
Yamunotri Dham




चारधाम यात्रा में आपका हार्दिक अभिनन्दन


चारधाम यात्रा में आपका हार्दिक अभिनन्दन

**जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/यात्रा कन्ट्रोल रूम द्वारा गंगोत्री धाम में कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत** सैनोईजेशन/साफ–सफाई/सोशल डिस्टेसिंग आदि की निगरानी कर शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित नोडल अधिकारी आदि को सूचित किया जा रहा है।









**<u>हेल्प लाईन नम्बरों का प्रचार–प्रसार– जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत</u>** सम्बन्धित नोडल अधिकारियों एवं कन्ट्रोल रूम/उप जिलाधिकारियों के सम्पर्क नम्बरों का पैम्पलेट/वैबासाइट के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया ।



**चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन** विकास प्राधिकरण, देहरादून से समन्वय कर हैलीसेवा के संचालन के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कर जनपद स्तर से अनुमति प्रदान की जा रही है।

**जनजानि शोध संस्थान एवं संग्रहालय देहरादून द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष उपलब्ध करायी गयी** खाद्य सामग्री को गरीब/बीमार लोगों एवं आपदा प्रभावितों हेतु जिला पूर्ति विभाग के माध्यम से वितरित करवायी गयी ।




**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा** कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण के दृष्टिगत गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा COVID-Curfew आदि कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निर्गत दिशा–निर्देशानुसार कोविड नियंत्रण की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैठक आदि में प्रतिभाग किया जा रहा है।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, यू0एस0डी0एम0ए0, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।